एन्हेंस्ड प्रतिनिधित्व समझौतों के बारे में आपको क्या पता होना चाहिए (सेक्शन 9)



3 का भाग 1: ब्रिटिश कोलंबिया में वैकल्पिक निर्णयकर्ता को कानूनी रूप से नियुक्त करने के लिए मार्गदर्शिका

BC Centre for Palliative Care

QUALITY

Made for BC

यह दस्तावेज एन्हेंस्ड प्रतिनिधित्व समझौता, जिसको हम सेक्शन 9 प्रतिनिधित्व समझौता भी कह देते हैं, का विवरण देता है। इसका उद्देश्य आपको इन समझौतों को सीखने-समझने और बनाने में सहायता करना है।

यह मार्गदर्शिका निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देती है:

1. एन्हेंस्ड प्रतिनिधित्व समझौता क्या होता है?
2. प्रतिनिधि क्या-क्या फैसले ले सकता/सकती है?
3. आपको इसे क्यों बनाना चाहिए?
4. इसे कौन बना सकता/सकती है?
5. इसे बनाने का सही समय कौन सा है?
6. किसे प्रतिनिधि या वैकल्पिक प्रतिनिधि नियुक्त किया जा सकता है?
7. इस दस्तावेज को बनाने की कानूनी आवश्यकताएं क्या हैं?
8. आपको पूरी तरह तैयार समझौते का क्या करना चाहिए?
9. आप किसी समझौते को कैसे बदल या रद्द कर सकते/सकतीं हैं?
10. यदि आपके पास प्रतिनिधित्व समझौता और एडवांस डायरेक्टिव दोनों हैं तो क्या होगा?
11. यदि आपका/आपकी प्रतिनिधि या वैकल्पिक प्रतिनिधि दोनों उपस्थित न हों तो क्या होगा?
12. स्टैंडर्ड प्रतिनिधित्व समझौता, एन्हेंस्ड प्रतिनिधित्व समझौते से कैसे अलग है?
13. क्या प्रतिनिधित्व समझौता ही आपके भविष्य की देखभाल के बारे में योजना बनाने का एकमात्र विकल्प है?

(किसी भी प्रश्न पर सीधे पहुंचने के लिए ऊपर लिखे को क्लिक करें)

इस मार्गदर्शिका से जुड़े दो अन्य दस्तावेज हैं:

- **एन्हेंस्ड प्रतिनिधित्व समझौते में प्रतिनिधि बनने के लिए आपको क्या-क्या जानने की आवश्यकता है**, जो प्रतिनिधि बनने के लिए उसकी भूमिका और उत्तरदायित्वों को रेखांकित करता है।
- **ब्रिटिश कोलंबिया सरकार के एन्हेंस्ड प्रतिनिधित्व समझौते (सेक्शन 9) के फॉर्म की एक निर्देशित यात्रा**, जो ब्रिटिश कोलंबिया सरकार द्वारा तैयार किए गए फॉर्म को भरने के लिए इसके हर भाग को अच्छी तरह समझाती है ताकि आप इसे पूरा कर सकें।

ब्रिटिश कोलंबिया के कानून में दो प्रकार के प्रतिनिधित्व समझौते हैं:

- **स्टैंडर्ड प्रतिनिधित्व समझौते** को सेक्शन 7 प्रतिनिधित्व समझौता भी कहा जाता है। वयस्क जिसे कुछ जानकारी समझने में कठिनाई आती हो, किसी प्रतिनिधि के नाम का समझौता बना सकता/सकती है, जो उसके लिए उसके अधिकांश निजी देखभाल और स्वास्थ्य देखभाल संबंधी फैसले ले सकता/सकती है और उस व्यक्ति के वित्तीय और कानूनी मामलों के बारे में नियमित प्रबंधन प्रदान कर सकता/सकती है। स्टैंडर्ड समझौते के अनुरूप वयस्क फैसला लेने में उसकी सहायता करने के लिए किसी सहायक निर्णयकर्ता का नाम भी दे सकता/सकती है।

- **एन्हेंस्ड प्रतिनिधित्व समझौते** को अक्सर सेक्शन 9 प्रतिनिधित्व समझौता भी कहा जाता है। वयस्क निजी देखभाल और स्वास्थ्य देखभाल फैसलों के लिए एक समझौता बना सकता/सकती है, जिससे वह किसी को प्रतिनिधि नामांकित कर सकता/सकती है। यदि वे दस्तावेज की प्रकृति और परिणाम को समझते हैं तो इसमें जीवन-समर्थक और जीवन काल को बढ़ाने वाले उपचार संबंधी फैसले भी शामिल हैं।

इस दस्तावेज में स्टैंडर्ड प्रतिनिधित्व समझौते के बारे में जानकारी शामिल नहीं है।

1 एन्हेंस्ड प्रतिनिधित्व समझौता क्या होता है?

एन्हेंस्ड प्रतिनिधित्व समझौता (जिसे अक्सर सेक्शन 9 प्रतिनिधित्व समझौता भी कहा जाता है) एक कानूनी दस्तावेज है। यदि आप अपने फैसले लेने में असमर्थ हैं तो यह आपको उस व्यक्ति को चुनने में सहायता करता है जो आपकी स्वास्थ्य देखभाल और निजी देखभाल संबंधी फैसले लेगा।

स्वास्थ्य देखभाल संबंधी फैसले आपके स्वास्थ्य संबंधी परीक्षण, जांच, उपचार और प्रक्रियाओं के बारे में होते हैं जैसे सर्जरी, दवाएं और टीके आदि।

निजी देखभाल संबंधी फैसले आपके दैनिक जीवन के बारे में हैं, जैसे आपके रहने का स्थान, आहार, पहनने के कपड़े, स्वच्छता और गतिविधियां।

अपने बारे में फैसले लेने में असमर्थ होने को अयोग्य होना कहते हैं। ऐसा किसी बीमारी, चोट या अपंगता के कारण हो सकता है। यह अवस्था स्थाई और अस्थाई हो सकती है।

योग्य होने का अर्थ यह है कि आपको प्रदान की गई सारी जानकारी आप समझते/समझतीं हैं और फैसले ले सकते/सकतीं हैं। किसी व्यक्ति को तब तक योग्य माना जाता है, जब तक इसके अन्यथा सोचने का कोई कारण हो। अयोग्यता हेल्थ-केयर प्रोवाइडर द्वारा निर्धारित की जाती है। यह फैसला विशिष्ट है।

कृपया ध्यान दें: सभी को अपने स्वास्थ्य देखभाल संबंधी फैसलों को बताने में समर्थन पाने और सहायता लेने का अधिकार है। उदाहरण के लिए: यदि कोई व्यक्ति अन्य भाषा बोलता है, तो सहायता का माध्यम दुभाषिया हो सकता/सकती है। यदि कोई व्यक्ति बोल नहीं सकता, तो वह सिर हिलाकर और शरीर की भाषा का उपयोग करके अपनी बात बता सकता है। सहायता के रूप में कोई ऐसा व्यक्ति भी हो सकता है जो समझता हो कि वह अपनी बात कैसे करता/करती है।

जिस व्यक्ति को आप फैसला लेने के लिए चुनते/चुनतीं हैं, उसे **प्रतिनिधि** कहते हैं।

आप किसी एक प्रतिनिधि का नाम ले सकते/सकतीं हैं। या एक से अधिक प्रतिनिधि का नाम भी ले सकते/सकतीं हैं और अपने प्रतिनिधित्व समझौतों में लिख सकते/सकतीं हैं कि वह आपके अनुसार एक साथ कैसे कार्य करेंगे। आप एक से अधिक वैकल्पिक प्रतिनिधि का नाम भी दे सकते/सकतीं हैं, जो उस समय काम करेंगे जब आपके/आपकी प्रतिनिधि आपके लिए कार्य न कर सकें।

आपके/आपकी प्रतिनिधि को अपनी भूमिका निभाने के लिए यह आवश्यक है कि उसे आपके स्वास्थ्य देखभाल और निजी देखभाल संबंधी आपके मूल्यों, धारणाओं और इच्छाओं का पता हो।

2 प्रतिनिधि क्या-क्या फैसले ले सकता/सकती है?

जो आप समझौते में निर्धारित करते/करतीं हैं, आपका प्रतिनिधि वही फैसले ले सकता/सकती है। व्यापक स्तर पर आपका/आपकी प्रतिनिधि **स्वास्थ्य देखभाल या निजी देखभाल संबंधी कोई भी फैसला, जो उसे आवश्यक लगे,** ले सकता/सकती है।

एन्हेंस्ड प्रतिनिधित्व समझौता आपको कोई वित्तीय या कानूनी फैसला लेने के लिए किसी व्यक्ति को चुनने की अनुमति नहीं देता। इसके लिए एन्ड्युरिंग पॉवर ऑफ अटॉर्नी या स्टैंडर्ड प्रतिनिधित्व समझौते का उपयोग किया जा सकता है।

आपके प्रतिनिधित्व समझौते में स्वास्थ्य देखभाल और निजी देखभाल संबंधी निम्नलिखित फैसले शामिल हैं:

- आप कहां रहते/रहतीं हैं, जिसमें यह भी शामिल है कि आप केयर फैसिलटी में रहते/रहतीं हैं या नहीं।
- आपसे कौन संपर्क कर सकता/सकती है।
- दैनिक जीवन के फैसले, जिनमें आपके आहार और पहनने के कपड़े संबंधी फैसले भी शामिल हैं।
- स्वास्थ्य देखभाल के लिए सहमति देना या मना करना, यानी आपके स्वास्थ्य में सुधार लाने के लिए कोई भी कदम उठाना। इसमें जीवन-समर्थक उपचार संबंधी सहमति देना या मना करना भी शामिल है।
- किसी भी चिकित्सा अनुसंधान अध्ययन में भाग लेना, यदि उस अध्ययन को नैतिकता समिति द्वारा मंजूरी मिली है।
- यदि आवशयक हो तो आपकी स्वास्थ्य देखभाल और निजी देखभाल के लिए आपको शारीरिक रूप से सीमित करने का फैसला।

आप समझौते में उन फैसलों के बारे में बता सकते/सकतीं हैं जिन्हें आप नहीं चाहते/चाहतीं कि आपका/आपकी प्रतिनिधि उन्हें ले।

यदि समझौते में अनुमति व्यक्त नहीं की गई तो कई फैसले ऐसे हैं, जिन्हें प्रतिनिधि नहीं कर सकता/सकती। इसमें शामिल हैं:

- विशिष्ट प्रकार के स्वास्थ्य देखभाल संबंधी फैसले, जैसे:
  - मानसिक स्वास्थ्य संबंधी कुछ उपचार,
  - ट्रांसप्लांट, शिक्षा या खोज के लिए शरीर के किसी अंग या टिशू को निकालना,
  - गर्भपात या वे उपचार जो आपको बांझ बना दें, जब तक कि यह आपके स्वास्थ्य के लिए आवश्यक न हो।
  - प्रायोगिक स्वास्थ्य देखभाल जो किसी नैतिक समिति द्वारा मंजूर न की गई हो।
- अपने बच्चों (19 वर्ष से कम) या जिन लोगों की आप देखभाल करते/करतीं हैं, उनकी अस्थाई देखभाल और शिक्षा के बारे में फैसले लेना।
- आपकी किसी धार्मिक प्रथा में हस्तक्षेप हो।

(यह सूची पूरी नहीं है; यदि आप अधिक जानकारी लेना चाहते/चाहतीं हैं तो किसी वकील से परामर्श करें।

मीरा की कहानी

मेरी मां को दिल और दिमाग का दौरा पड़ा और उन्हें इंटेसिव केयर यूनिट में भर्ती करवाना पड़ा। उनके डॉक्टर ने मुझे और मेरे दो भाई-बहनों को बताया कि उनके ठीक होने की संभावना बहुत ही कम है। मेरी बहन, योगिता चाहती थी कि मां की आरामदायक मृत्यु हो और इस कारण वह जीवन-समर्थक उपचार के लिए सहमति नहीं देना चाहती थी। परन्तु मेरा भाई, विकास चाहता था कि जब तक संभव हो, तब तक उन्हें अस्पताल में मशीनों की सहायता सहित जीवित रखा जाए।

हमारी संस्कृति में, विकास, पुरुष होने के नाते सभी फैसले लेता है। परन्तु मेरी मां योगिता के साथ रहती थी, इसलिए उसे मेरी मां के स्वास्थ्य और उनकी इच्छाओं का पता था। मैं और योगिता दोनों ने वही सोचा जो मां चाहती थी। इस कारण हमारे घर में बहुत क्लेश हुआ।

चूंकि मेरी मां ने कोई प्रतिनिधित्व समझौता तैयार नहीं किया था, इसलिए मेरी मां के डॉक्टर को यह फैसला लेना पड़ा कि किस व्यक्ति को अस्थाई वैकल्पिक निर्णयकर्ता चुना जाए। उसने योगिता को चुना और मेरी मां को जीवन-समर्थक उपचार से हटा दिया गया। विकास अभी भी इस बात से नाराज है। यदि हमारी मां ने प्रतिनिधित्व समझौता बनाया होता तो यह स्पष्ट होता कि वह किसको अपने फैसले लेने के लिए चुनना चाहतीं हैं और हो सकता था कि हमारे बीच में कोई विरोध भी न होता।

③ आपको इसे क्यों बनाना चाहिए?

यहां कुछ कारण बताए गए हैं, कि आपको प्रतिनिधित्व समझौता क्यों बनाना चाहिए:

- आप उस व्यक्ति का चयन करना चाहते/चाहतीं हैं जो आपके लिए तब **स्वास्थ्य देखभाल संबंधी फैसले** ले, जब आप इन्हें लेने में असमर्थ हों।
- आप उस व्यक्ति का चयन करना चाहते/चाहतीं हैं जो आपके लिए **निजी देखभाल संबंधी फैसले** उस समय ले, जब आप इन्हें लेने में असमर्थ हों।
- आप अपने फैसले लेने वालों में एकरूपता चाहते/चाहतीं हैं।
- आप नहीं चाहते कि आपका/आपकी हेल्थ-केयर प्रोवाइडर कानून द्वारा निर्धारित सूची में से अस्थाई वैकल्पिक निर्णयकर्ता चुने।
- आप अपने परिवार और दोस्तों को यह सुनिश्चित करना चाहते/चाहतीं हैं कि आपने अपने बारे में फैसले लेने के लिए **किसे चुना है**।यह पारिवारिक विवाद से बचने में सहायता कर सकता है।

यदि आप योग्य नहीं हैं और आपका कोई प्रतिनिधि भी नहीं है, तो कानून यह निर्धारित करता है कि आपका/आपकी हेल्थ-केयर प्रोवाइडर, आपके स्वास्थ्य देखभाल के फैसले लेने के लिए किसे **अस्थाई वैकल्पिक निर्णयकर्ता** चुनेगा/चुनेगी।

4 इसे कौन बना सकता/सकती है?

19 वर्ष या इससे अधिक आयु का कोई भी व्यक्ति एन्हेंस्ड प्रतिनिधित्व समझौता बना सकता/सकती है जो समझौते की प्रकृति और परिणामों को समझता/समझती है।

प्रतिनिधित्व समझौते को बनाना पूरी तरह स्वैच्छिक है।

5 इसे बनाने का सही समय कौन सा है?

यह कुछ ऐसा है कि जिसके बारे में हर वयस्क को सोचना चाहिए, भले ही वह पूरी तरह स्वस्थ क्यों न हो। प्रतिनिधित्व समझौते को बनाने का सबसे सही समय आपके द्वारा किसी संकट का सामना करने से पहले या किसी गंभीर बीमारी होने से पहले होता है।



6 किसे प्रतिनिधि या वैकल्पिक प्रतिनिधि नियुक्त किया जा सकता है?

अपने बारे में फैसले लेने के लिए जिस व्यक्ति को आप प्रतिनिधि या वैकल्पिक प्रतिनिधि के रूप में चुनते/चुनतीं हैं, उसकी आयु 19 वर्ष या इससे अधिक होनी चाहिए। यदि आप 18 साल की आयु या इससे कम आयु के किसी व्यक्ति को नियुक्त करते/करतीं हैं, तो वह जब तक 19 वर्ष का नहीं हो जाता/जाती, तब तक वह आपके लिए फैसला नहीं ले सकता/सकती। वह योग्य व्यक्ति होना चाहिए।

वह व्यक्ति आपका प्रतिनिधि नहीं हो सकता जिसे आपकी स्वास्थ्य देखभाल या निजी देखभाल के लिए भुगतान किया गया हो। न ही वह किसी ऐसी संस्था का कर्मचारी हो सकता है जहां आप रहते/रहतीं हैं और वह संस्था आपको स्वास्थ्य और निजी देखभाल प्रदान करवाती हो। (यह पाबंदियां उस समय लागू नहीं होती जब देखभाल प्रदान करने वाला/वाली कर्मचारी आपका बेटा/बेटी, माता/पिता या पति/पत्नी में से हो)।

जो व्यक्ति आप चुनते/चुनतीं हैं, वह आपका परिवारजन या करीबी दोस्त भी हो सकता/सकती है।

आपके/आपकी प्रतिनिधि के रूप में एक अच्छा चयन वह है जो:

- आपको अच्छी तरह जानता/जानती हो और आपकी स्वास्थ्य और निजी देखभाल संबंधी आपके मूल्यों, धारणाओं और इच्छाओं को अच्छी तरह समझता/समझती हो।
- आपकी इच्छाओं और निर्देशों का सम्मान करे, चाहे यह उसकी अपनी इच्छाओं से अलग ही क्यों न हो (यह कानूनी रूप से उसकी भूमिका भी है)।
- किसी भी संकट के समय शांत रहे।
- आपके/आपकी हेल्थ-केयर प्रोवाइडर्स के साथ बात कर सके, आपकी ओर से बात कर सके और जो उपचार आप अपने लिए नहीं चाहते/चाहतीं, उसे मानने के लिए मजबूर न हो।
- विवाद या असहमतियों का सामना कर सके।
- यह भूमिका स्वीकार करने के लिए तैयार और उपलब्ध हो।

यह आवश्यक नहीं कि आपका/आपकी प्रतिनिधि स्थानीय रूप से आपके आस-पास रहता/रहती हो। प्रतिनिधित्व समझौता अधिनियम, किसी स्थान के आधार पर प्रतिनिधि के चुनाव को नहीं रोकता। हालांकि, आपके/आपकी प्रतिनिधि को किसी भी इमरजेंसी में संपर्क करने की आवश्यकता हो सकती है, इसलिए इस बात का ध्यान रखें कि उससे संपर्क करना कितना आसान होगा।

यह आवश्यक नहीं कि आपका प्रतिनिधि अंग्रेजी बोलता/बोलती हो। हालांकि उसे ब्रिटिश कोलंबिया में हेल्थ-केयर प्रोवाइडर्स से बात करने की आवश्यकता पड़ेगी जो आमतौर पर अंग्रेजी बोलते हैं। चाहे इसके लिए हेल्थ-केयर प्रणाली में दुभाषिए उपलब्ध हैं, परन्तु कई बार वे उस जगह पर नहीं होते या तुरंत उपलब्ध नहीं होते।

प्रतिनिधि के अधिकार और उत्तरदायित्वों के बारे में जानकारी एन्हेंस्ड प्रतिनिधित्व समझौतों में प्रतिनिधि बनने के लिए आपको क्या कुछ जानने की आवश्यकता है,दस्तावेज में बताई गई है।

अर्जुन की कहानी

मैं 10 साल पहले अपनी पत्नी रानी और 3 बच्चों के साथ कैनेडा आया था। मैं और रानी अपने सबसे बड़े बेटे जीत और उसकी पत्नी के साथ रहते हैं। मुझे कई गंभीर बीमारियां हैं और जीत मुझे डॉक्टर के पास लेकर जाता है। मेरे डॉक्टर ने मुझे एडवांस केयर प्लानिंग करने के लिए कहा ताकि यदि मैं कोई फैसला लेने के अयोग्य हो जाऊं तो मेरे परिवार को मेरी इच्छाओं का पता हो।

मैंने अपने परिवार के साथ बात की। हमने यह फैसला लिया कि यदि मैं अपने स्वास्थ्य देखभाल संबंधी फैसले न ले पाऊं तो जीत मेरे लिए यह फैसले लेगा। चाहे मेरी पत्नी रानी मेरी इच्छाएं जानती है, परन्तु मुझे लगता है कि जीत बेहतर फैसले ले पाएगा। रानी को डॉक्टरों के साथ अंग्रेजी में बात करने में परेशानी होती है और वह कठिन फैसले लेने से भी घबराती है। हम इस बात पर सहमत हुए कि मेरा बेटा जीत, मेरी पत्नी रानी को फैसला लेने में शामिल करेगा परन्तु अंतिम फैसला जीत का ही होगा।

चूंकि रानी कानूनी रूप से फैसला लेने वाली अस्थाई वैकल्पिक व्यक्ति होगी, इसलिए मैंने प्रतिनिधित्व समझौते के द्वारा जीत को अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है। जीत की अनुपस्थिति में मैंने अपने छोटे बेटे को भी वैकल्पिक प्रतिनिधि के रूप में नामांकित किया है।

7 इस दस्तावेज को बनाने की कानूनी आवश्यकताएं क्या हैं?

आपको प्रतिनिधित्व समझौता बनाने के लिए किसी डॉक्टर, वकील या नोटरी पब्लिक की कोई आवश्यकता नहीं है।

इस दस्तावेज पर आप, आपके/आपकी प्रतिनिधि और गवाहों को हस्ताक्षर करने की आवश्यकता है।

प्रतिनिधित्व समझौतों के लिए किसी विशेष प्रकार के फार्म की आवश्यकता नहीं है। इसके लिए आप ब्रिटिश कोलंबिया सरकार द्वारा बनाया गए फॉर्म का उपयोग कर सकते/सकतीं हैं। इसके अलावा, कई संस्थाओं द्वारा भी यह फॉर्म बनाए गए हैं। इन फॉर्म में कुछेक अंतर हो सकते हैं। जो फॉर्म का उपयोग आप कर रहे/रहीं हैं, उसे ध्यानपूर्वक पढ़ें। जो फॉर्म आपके लिए सही है, उसे ही चुनें, उदाहरण के लिए, जिन लोगों को आप प्रतिनिधि या वैकल्पिक प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त करना चाहते/चाहतीं हैं, उनकी संख्या या वे शर्तें जिन्हें वैकल्पिक प्रतिनिधि को प्रतिनिधि का कार्य संभालने के लिए पूरी करनी हैं।

यदि यह फॉर्म आपके लिए उपयुक्त नहीं है, तो आपको अन्य फॉर्म की आवश्यकता होगी। इसमें वकील, नोटरी पब्लिक या नाईडस पर्सनल प्लानिंग रिसोर्स सेंटर (Nidus Personal Planning Resource Centre) आपकी सहायता कर सकते हैं। कानूनी विकल्पों के लिए यहां देखें। (acp resources)

प्रतिनिधित्व समझौता अंग्रेजी में लिखा जाना चाहिए।

आपको प्रतिनिधित्व समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए दो (2) गवाहों की आवश्यकता होगी। गवाह वह व्यक्ति है जिसके सामने हस्ताक्षर किया जाता है। यदि वकील या नोटरी पब्लिक गवाह है तो एक गवाह की ही आवश्यकता है।

गवाह कौन बन सकता/सकती है?

गवाह 19 वर्ष या इससे अधिक आयु का होना/की होनी चाहिए और उसी भाषा या बोली का उपयोग करता/करती हो, जिसे आप समझते/समझतीं हैं। यह अंग्रेजी के अलावा बोल-चाल की कोई अन्य भाषा या सांकेतिक भाषा हो सकती है। आपका/आपकी गवाह निम्नलिखित व्यक्ति नहीं बन सकता/सकती:

- समझौते में नामांकित प्रतिनिधि या वैकल्पिक प्रतिनिधि
- समझौते में नामांकित पति-पत्नी (कॉमन लॉ सहित-जहां विवाह किए बिना साथी विवाह जैसे संबंध में रह रहे हों), बच्चे, माता-पिता या प्रतिनिधि का/की कोई कर्मचारी या उसका/उसकी कोई वैकल्पिक प्रतिनिधि।

वह व्यक्ति जिसको आपने किसी सहायता के लिए भुगतान किया हो जैसे अस्पताल, मेडिकल क्लिनिक या डॉक्टर के क्लिनिक का/की कोई कर्मचारी।

आपके और गवाहों के हस्ताक्षर करने के बाद आपका/आपकी प्रतिनिधि, अपने हस्ताक्षर करता/करती है (और आपका/आपकी वैकल्पिक प्रतिनिधि हस्ताक्षर करता/करती है, यदि आपने कोई नामांकित किया/की हो तो)। यदि आपने एक से अधिक व्यक्तियों को नामांकित किया है तो वह आपसे अलग या एक दूसरे से अलग अपने हस्ताक्षर कर सकते हैं।

8 आपको पूरी तरह तैयार समझौते का क्या करना चाहिए?

आपको इस समझौते को सुरक्षित और आसानी से मिलने वाले स्थान पर रखना चाहिए l

आपके स्वास्थ्य या स्वास्थ्य देखभाल से संबंधित दस्तावेजों के साथ इसको रखना सहायक होगा। फर्स्ट रिस्पॉन्डर्स इस दस्तावेज को सबसे पहले फ्रिज पर देखते हैं।

यह सुनिश्चित करें कि आपके/आपकी प्रतिनिधि और वैकल्पिक प्रतिनिधि के पास इसकी एक कॉपी हो और उन्हें पता हो कि मूल कॉपी कहां रखी है। आप इसकी एक कॉपी अपने डॉक्टर, क्लीनिक, असिस्टेड लिविंग रेजिडेंस, या अन्य परिवारजनों या दोस्तों को भी दे सकते/सकतीं हैं।

9 आप किसी समझौते को कैसे बदल या रद्द कर सकते/सकतीं हैं?

जब तक आप स्वयं अपने फैसले ले सकते/सकतीं हैं, तब तक आप प्रतिनिधित्व समझौते को किसी भी समय रद्द कर सकते/सकतीं हैं।

समझौते में बड़े परिवर्तनों के लिए आपको अपना पुराना समझौता रद्द करना होगा और नया बनाना होगा। प्रतिनिधित्व समझौते के कुछ फॉर्म में एक वक्तव्य शामिल होता है जो किसी भी वर्तमान समझौते को रद्द कर देता है। ब्रिटिश कोलंबिया सरकार का एन्हेंस्ड प्रतिनिधित्व समझौता फॉर्म इनमें से एक है।

मामूली परिवर्तनों जैसे निवास, फोन नंबर या कानूनी नाम को बदलने के लिए नया समझौता बनाने की कोई आवश्यकता नहीं है। आप अपने वर्तमान समझौते में भी यह परिवर्तन कर सकते/सकतीं हैं। समझौते में जिस स्थान पर आपने कोई परिवर्तन किया है, वहां पर गवाह की उपस्थिति में आपको वैसे ही हस्ताक्षर करने चाहिए, जैसे आपने समझौता बनाते समय किए थे। यदि आपने इसकी कॉपी अन्य लोगों को भी दी है, उनको भी इन परिवर्तनों के बारे में बताएं।

समझौता रद्द करने के लिए, आपको कानूनी दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने होंगे जिसको रद्द करने का नोटिस (notice of revocation) कहते हैं।

यदि आपने समझौते में कोई परिवर्तन या इसे रद्द किया है, तो यह सुनिश्चित करें कि इसकी एक कॉपी अपने/अपनी प्रतिनिधि, किसी वैकल्पिक प्रतिनिधि और किसी भी ऐसे व्यक्ति को दी जाए जिसके पास इस दस्तावेज की पुरानी कॉपी है। रद्द किए दस्तावेज की कॉपी उन लोगों को वापस करने के लिए कहें।

10 यदि आपके पास प्रतिनिधित्व समझौता और एडवांस डायरेक्टिव दोनों हैं तो क्या होगा?

एडवांस डायरेक्टिव एक ऐसा कानूनी दस्तावेज है जो विशिष्ट स्वास्थ्य देखभाल उपचार को स्वीकार या अस्वीकार करने के लिए आपके निर्देशों को लिपिबद्ध करता है। एडवांस डायरेक्टिव आपके/आपकी हेल्थ-केयर प्रोवाइडर को उस समय निर्देश देता है, जब आपको स्वास्थ्य देखभाल की आवश्यकता होती है परन्तु आप सहमति देने के योग्य नहीं होते/होतीं।।
एडवांस डायरेक्टिव के बारे में और जानकारी लेने के लिए यहां देखें [info on BCCPC site]

यदि आपके पास प्रतिनिधित्व समझौता और एडवांस डायरेक्टिव दोनों हैं, तब भी आपके/आपकी प्रतिनिधि से हर फैसले के बारे में तब तक पूछा जाएगा, जब तक आप अपने प्रतिनिधित्व समझौते में यह न लिखें कि आपके एडवांस डायरेक्टिव फैसलों के लिए उनसे पूछने की कोई आवश्यकता नहीं है।

आपके/आपकी प्रतिनिधि को आपके बारे में फैसला लेने में मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए आपके एडवांस डायरेक्टिव का पालन करना चाहिए।

11 यदि आपके पास प्रतिनिधित्व समझौता और एडवांस डायरेक्टिव दोनों हैं तो क्या होगा?

यदि फैसला लेने के लिए आपका/आपकी प्रतिनिधि और वैकल्पिक प्रतिनिधि उपस्थित न हों या अपात्र हो गए/गई हों (उदाहरण के लिए वह योग्य न हो) तो **अस्थाई वैकल्पिक निर्णयकर्ता सूची** में से किसी व्यक्ति को नियुक्त किया जाएगा।

अस्थाई वैकल्पिक निर्णयकर्ता वह व्यक्ति है जो आपके/आपकी हेल्थ-केयर प्रोवाइडर द्वारा आपके स्वास्थ्य देखभाल संबंधी फैसलों को लेने के लिए तब चुना जाता है, जब आप फैसला लेने के योग्य न हों और आपका/आपकी कोई **प्रतिनिधि** या **कमेटी ऑफ पर्सन** (इसे/इन्हें निजी अभिभावक भी कहते हैं) न हो। ब्रिटिश कोलंबिया का कानून एक सूची प्रदान करता है जो यह परिभाषित करती है कि आपके हेल्थ-केयर प्रोवाइडर को आपके स्वास्थ्य देखभाल संबंधी फैसले लेने के लिए किसे चुनना चाहिए।
अस्थाई वैकल्पिक निर्णयकर्ताओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए यहां देखें [hyperlink doc]

12 स्टैंडर्ड प्रतिनिधित्व समझौता, एन्हेंस्ड प्रतिनिधित्व समझौते से कैसे अलग है?

यदि आप कानूनी रूप से एन्हेंस्ड प्रतिनिधित्व समझौता नहीं बना सकते/सकतीं हैं, तब भी आप स्टैंडर्ड प्रतिनिधित्व समझौता (जिसे अक्सर सेक्शन 7 समझौता भी कहा जाता है) बना सकते/सकतीं हैं। वयस्क, यदि अपनी स्वास्थ्य और निजी देखभाल या वित्तीय कार्यों को पूरा करने के योग्य न भी हो, तो भी वह स्टैंडर्ड प्रतिनिधित्व समझौता बना सकता/सकती है।

स्टैंडर्ड प्रतिनिधित्व समझौते के अंतर्गत, प्रतिनिधि सामान्य वित्तीय फैसले और स्वास्थ्य देखभाल और निजी देखभाल संबंधी अधिकांश फैसले (सभी नहीं) जो एन्हेंस्ड प्रतिनिधित्व समझौते के अधीन आते हैं, ले सकता/सकती है। उदाहरण के लिए, एन्हेंस्ड प्रतिनिधित्व समझौते के अंतर्गत, आपका/आपकी प्रतिनिधि जीवन-समर्थक उपचार लेने से मना कर सकता/सकती है। परन्तु स्टैंडर्ड प्रतिनिधित्व समझौते के अंतर्गत आपका/आपकी प्रतिनिधि ऐसा नहीं कर सकता/सकती।

स्टैंडर्ड प्रतिनिधित्व समझौतों के बारे में और जानकारी लेने के लिए यहां देखें। [hyperlink]

13 क्या प्रतिनिधित्व समझौता ही आपके भविष्य की देखभाल के बारे में योजना बनाने का एकमात्र विकल्प है

प्रतिनिधित्व समझौता आपकी भविष्य की देखभाल प्रक्रिया को योजनाबद्ध करने का मात्र एक भाग है, जिसे "एडवांस केयर प्लानिंग" भी कहा जाता है। अलग-अलग निजी परिस्थितियां इस बात को प्रभावित कर सकती हैं कि आप कौन से दस्तावेज बनाते/बनातीं हैं, या आप कोई अन्य दस्तावेज बनाते/बनातीं हैं या नहीं। यदि आप केवल एक कार्य करें, तो वह यह हो कि आप अपने मूल्यों, धारणाओं और इच्छाओं पर उन लोगों के साथ चर्चा करें जिन पर आप भरोसा करते/करतीं हैं (अपने करीबी परिवारजनों और दोस्तों के साथ)।

एडवांस केयर प्लानिंग से सम्बंधित अन्य जानकारी www.bc-cpc.ca/acp पर उपलब्ध है।

प्लानिंग करने के अन्य साधनों, जिसमें स्टैंडर्ड प्रतिनिधित्व समझौता (सेक्शन 7 समझौता) और एन्ड्युरिंग पॉवर ऑफ अटॉर्नी भी शामिल हैं, के बारे में अधिक जानकारी लेने के लिए, ब्रिटिश कोलंबिया के पब्लिक गार्डियन और ट्रस्टी: इट्स यॉर चॉइस - पर्सनल प्लानिंग टूल्स स्त्रोत को देखें। (It's your choice – personal planning tools)

यह दस्तावेज एन्हेंस्ड प्रतिनिधित्व समझौते (सेक्शन 9 समझौता) के बारे में सामान्य जानकारी प्रदान करता है और यह जानकारी विशेष रूप से ब्रिटिश कोलंबिया, कैनेडा में रहने वाले लोगों के लिए है। यहां दी गई जानकारी कोई कानूनी सलाह नहीं है।

यह जानकारी पारम्परिक चीनी भाषा, सरल चीनी भाषा और पंजाबी भाषा में भी उपलब्ध है।

यह दस्तावेज ब्रिटिश कोलंबिया में बीसी सेंटर फॉर पैलीएटिव केयर, जो एक लाभ-निरपेक्ष संगठन है, द्वारा तैयार किया गया है। हमसे office@bc-cpc.ca ईमेल पर संपर्क करें।

कानूनी प्रामाणिकता के लिए इसकी समीक्षा निम्नलिखित द्वारा की गई है:
करिस्टा जेम्स, नेशनल डायरेक्टर, कैनेडियन सेंटर फॉर ऐल्डर लॉ एंड स्टाफ लॉयर, बीसी लॉ इंस्टिट्यूट। मार्च 2021।

इस दस्तावेज की प्रस्तुति हेल्थ कैनेडा से प्राप्त आर्थिक सहायता से संभव हुई है। यह आवश्यक नहीं कि यहां व्यक्त किए गए विचार हेल्थ कैनेडा के विचारों का प्रतिनिधित्व करते हों।

इस कार्य को निम्नलिखित द्वारा लाइसेंस प्राप्त है: क्रिएटिव कॉमन्स एट्रिब्यूशन-नॉन-कमर्शियल-नोडेरिवेटिव्स 4.0 इंटरनेशनल लाइसेंस https://creativecommons.org/licenses/by-nc-nd/4.0/